वेक्टरजनित रोगों की रोकथाम हेतु नगर आयुक्त के निर्देशन में विभिन्न क्षेत्रों में चला विशेष सफाई अभियान

युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

शाहजहाँपुर। शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत आज नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर नगर में आमजन को विभिन्न प्रकर की बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से नगर निगम, द्वारा नगर क्षेत्र में संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत होने वाले किसी भी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जायें। दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विशेष सफाई अभियान चलाया गया। माइक्रो प्लान के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के सफाई जोन-1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देखरेख में दिलाजाक, सफाई जोन-2 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित की देखरेख में बहादुरपुरा में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत माइक्रो प्लान बना कर चलाया विशेष सफाई अभियान

सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता के निर्देशन में कई छेत्रों में चला सफ़ाई अभियान

युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

शाहजहाँपुर। उत्तर प्रदेश शासन एवं नगर विकास विभाग के प्राप्त विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कलान अंगद गुप्ता के द्वारा माईक्रोप्लान बनाकर अभियान चलाया गया, नगर पंचायत कलान के मोहल्ला शांतिनगर, पुरानी टंकी एवं जामा मस्जिद में सड़कों, नाला, नालियों की साफ सफाई, एण्टी लार्वा छिड़काव कराया गया एवं जलापूर्ति को सुचारू करने हेतु हैण्डपम्प को चिह्नित करके कार्यवाही की गई। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कलान के द्वारा नगर पंचायत वासियों से अपील की गयी की लोग कूड़ा, कूड़ा गाड़ी में ही डाले और साफ सफाई को अपनी आदत में डाले। इस अवसर पर राहुल गुप्ता, मोहसिन आदि उपस्थित रहे।